शैक्षिक सत्र–2026–27
विषय–चित्रकला (प्राविधिक)
कक्षा–11

इसमें 100 अंको के एक प्रश्नपत्र 3 घन्टे का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक–33 अंक

खण्ड 'क'

कर्णवत पैमाना, क्षेत्रफल सम्बन्धी निर्मेय, प्रारम्भिक संदर्भ चित्र परवलय तथा अति परवलय आदि। उपरोक्त में से 10 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूँछे जायेंगे।

खण्ड 'ख'

1–कर्णवत पैमाना बनाना (साधारण एवं विकर्ण पैमाना)	15 अंक
2–क्षेत्रफल सम्बन्धी निर्मेय हल करना।	15 अंक
3–परवलय एवं अति परवलय चित्र बनाना।	10 अंक
4–प्रारम्भिक सन्दर्भ चित्र बनाना।	20 अंक

खण्ड 'ग'

खण्ड 'ग' चार भागों में विभाजित है कोई एक भाग करना अनिवार्य है। सभी भाग 30–30 अंक के हैं।

वस्तु समूह चित्रण 30 अंक

1–विभिन्न प्रकार के खेल सम्बन्धी उपकरण–बैट बाल, हाकी बाल, फुटबाल आदि का चित्र बनाना।

2–कृषि उपकरण–फावड़ा, हल, हंसिया, हथौड़ी आदि का चित्र बनाना–इस चित्रण इंक से प्रकाश, छाया तथा प्रतिछाया पेन्सिल, पेस्टल, आयल पेंट, पोस्टर रंग, जल रंग अग्र भूमि तथा पृष्ठ भूमि दर्शाते हुए रंगना है।

टिप्पणी–चित्र संयोजन से 20 सेंमी0 से कम न हो। वस्तु समूह एक आयताकार व अन्य बेलनाकार या गोलाकार वस्तुओं का होना चाहिए। जिनका आपस में समन्वय भी होना चाहिए। वस्तुओं को कम से कम 40 सेंमी0 ऊंचाई पर रखा जाना चाहिए।

अथवा

प्रकृति चित्रण 30 अंक

पुष्प जैसे–कमल, जीनिया, कैली, पेन्जी आदि की कलियां, डंठलों, पत्तियों तथा सम्पूर्ण पौधे के चित्र, प्राकृतिक रंगों में छाया, प्रकाश तथा प्रति छाया दर्शाते हुए बनाना। जल रंग या पोस्टर रंग का प्रयोग कर सकते हैं। पौधे व पुष्प, पत्तियों के प्रत्येक अंग व जोड़ बनाने में विशेष ध्यान रखना चाहिए।

अथवा

स्मृति चित्रण 30 अंक

1–खेल का सामान– फुटबाल, विकेट आदि।
2–घरेलू सामान– अंगीठी, कनसतर, साबुनदानी आदि।
3–जानवर (पशुपक्षी)– कुत्ता, बिल्ली, हाथी आदि।
4–फल एवं सब्जी– फूल गोभी, कद्दू शलीफा, नाशपाती, शलजम आदि।
5–कृषि उपयोगी सामान– फावड़ा, कुदाल, हंसिया आदि।

स्मृति चित्रण सफेद कागज पर प्रकाश, छाया तथा प्रति छाया सहित उपरोक्त वस्तुओं में से किसी एक का चित्र बनाना होगा। नाप 15 सेंमी0 से कम न हो। (माध्यम पेन्सिल क्रेयान)

अथवा

प्राकृतिक दृश्य (Land Scape) 30 अंक

ग्रामीण जीवन पर साधारण झांकी, सामाजिक दृश्य, थोड़े प्राकृतिक पृष्ठ भूमि में बनाना है। माध्यम–जल रंग, पोस्टर रंग, ऑयलर रंग, पेस्टल रंग व कार्बन चारकोल पेन्सिल, नाप 25 सेंमी0 x 30 सेंमी0 से कम न हो।

पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

उपचारात्मक शिक्षण हेतु चार यूनिट टेस्ट निम्नलिखित है–

(i) प्रथम यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	जुलाई द्वितीय सप्ताह	20 अंक
	(10 अंक ग्रीष्मावकाश गृहकार्य + 10 अंक यूनिट टेस्ट)	
(ii) द्वितीय यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)	अगस्त अन्तिम सप्ताह	20 अंक
(iii) तृतीय यूनिट टेस्ट (MCQ आधारित)	नवम्बर अन्तिम सप्ताह	20 अंक
(iv) चतुर्थ यूनिट टेस्ट (वर्णनात्मक प्रश्न आधारित)	दिसम्बर अन्तिम सप्ताह	20 अंक

नोट– उपरोक्त यूनिट टेस्ट उपचारात्मक शिक्षण के अन्तर्गत विद्यालय स्तर पर लिये जायेंगे। इनके प्राप्तांक परीक्षफल में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे।